# 13

# रक्त संबंध (Blood Relation)

इस अध्याय के अन्तर्गत परीक्षार्थी को दो या दो से अधिक व्यक्तियों के संबंध में विवरण दिया जाता है। हमें उस विवरण के आधार पर उन व्यक्तियों के मध्य संबंध ज्ञात करके पूछे गए व्यक्ति का संबंध ज्ञात करना होता है।

## रक्त संबंध

रक्त संबंधी प्रश्नों में निपुणता के लिए व्यक्तियों का आपस में जो संबंध बनता है उसे किस नाम से जाना जाता है, इस तथ्य का ज्ञान होना आवश्यक है। अग्रांकित सारणी में इसका विवरण दिया गया है।

## हिन्दु संस्कृति के अनुसार रिश्ते

| | |
|---|---|
| **माँ या पिता का पुत्र**-भाई | **माँ या पिता की पुत्री**-बहिन |
| **माँ का भाई**-मामा | **पिता का छोटा भाई**-चाचा |
| **पिता का बड़ा भाई**-ताऊ | **माँ की बहिन**-मौसी |
| **पिता की बहिन**-बुआ | **बुआ का पति**-फुफा |
| **माँ का पिता**-नाना | **पिता का पिता**-दादा |
| **माँ की माँ**-नानी | **पिता की माता**-दादी |
| **पुत्र की पत्नि**-पूत्रवधु | **पुत्री का पति**-दामाद |
| **पत्नि की बहिन**-साली | **पति की बहिन**-ननद |
| **पत्नि का भाई**-साला | **पति का भाई**-जेठ |
| **पति का छोटा भाई**-देवर | **भाई का पुत्र**-भतीजा |
| **भाई की पुत्री**-भतीजी | **पत्नि/पति का पिता**-ससुर |
| **पत्नि/पति की माता**-सास | **बहन का पति**-बहनोई |
| **पुत्र का पुत्र**-पोता या नाती | **पोते की पत्नि**-पतोहु |
| **पुत्री का पुत्र**-नवासा | **पोते का पुत्र**-पड़पोता |

1. जिस व्यक्ति के साथ का/की/के/से शब्द आते है उस व्यक्ति को सबसे पहले लिखना चाहिए।
2. पुरुषों के लिए (+) का चिन्ह तथा महिला के लिए (-) का चिन्ह प्रयोग करना चाहिए।
3. रिश्ते के प्रश्नों में अधिकांशतः प्रथम व अंतिम व्यक्ति का संबंध ज्ञात करना होता है, इसके लिए अग्रांकित बिन्दु ध्यान में रखने चाहिए।
(अ) यदि पूछे गए प्रश्न में दोनों व्यक्तियों के साथ का तथा से शब्द आते है तो हमेशा उस व्यक्ति का संबंध ज्ञात करना होता है जिसके साथ का शब्द आया हो।

**उदाहरणः**-राम **का** श्याम **से** क्या संबंध है ?

**हलः**- इस वाक्य का अर्थ है कि राम, श्याम का क्या लगता है।

(ब) यदि पूछे गए प्रश्न में दोनों व्यक्तियों में से किसी एक व्यक्ति के साथ का अथवा से शब्द आता है तो हमेशा उस व्यक्ति का संबंध ज्ञात करना होता है जिसके साथ ये दोनों ही शब्द नहीं आये हो।

**उदाहरणः**-श्याम, राम **से** किस प्रकार संबंधित है ?

**अथवा**

**उदाहरणः**-श्याम, राम **का** क्या लगता है ?

**हलः**- दोनों वाक्यो का एक ही अर्थ है कि श्याम राम का क्या लगता है अर्थात् श्याम का संबंध राम से बताना है।

## वंश के बारे में महत्वपूर्ण तथ्य

| **पीढ़ी** | **पुरुष** | **महिला** |
|---|---|---|
| 2 | दादा, नाना | दादी, नानी, |
| | दादा/नाना सास | दादी/नानी सास |
| 1 | पिता, चाचा, फूफा | माँ, चाची, बुआ |
| | मामा, मौसा, ससुर | मामी, मौसी, सास |
| | भाई, चचेरा/फूफेरा | बहन, चचेरी/फूफेरी |
| | ममेरा/मौसेरा भाई | ममेरी/मौसेरी बहन |
| **स्वंय** | बहनोई/साली का पति | भाभी/साली की पत्नि |
| | साला/देवर,जेठ,ननदोई | पत्नि/ ननद/ जेठानी/देवरानी |
| | पति | पत्नि |
| 1 | पुत्र, भतीजा/भगीना | पुत्री, भतीजी/भगीनी |
| | दामाद | पुत्रवधु |
| 2 | पोता, नाती | पोती, नातिन |
| | पोती या नातिन का | पोती या नातिन की |
| | पति | पत्नि |

**नोटः- इस वंश क्रम के आधार पर प्रश्न को हल करते समय अपने आपको मध्य में रखकर दो पीढ़ी ऊपर तथा दो पीढ़ी नीचे का ध्यान रखना चाहिए।**

## महत्वपूर्ण तथ्य

**1.** इकलौता शब्द उस रिश्ते का केवल एक व्यक्ति होने का संकेत करता है।
(अ) इकलौता पुत्र का अर्थ है पुत्र तो केवल एक है, पुत्री और भी हो सकती है।
(ब) इकलौती पुत्री का अर्थ है पुत्री तो केवल एक है, पुत्र और भी हो सकते है।
(स) इकलौती संतान का अर्थ है केवल एक ही संतान चाहे वह पुत्र हो या पुत्री।

**2.** रिश्ते सम्बन्धी प्रश्नों को हल करते समय अंग्रेजी अनुवाद को भी पढ़ लेना चाहिए, जिससे समान स्तर के रिश्तों के हिन्दी अनुवाद करने से होने वाली गलतियों से बचा जा सकता है। कई बार परीक्षक नाती या नातिन के स्थान पर पोता या पोती, मामा के स्थान पर चाचा तथा भाँजी/भाँजा के स्थान पर भतीजी/भतीजा भी दे देता है अतः इन शब्दों को ही सही माना जाए।

**3.** पात्रों के प्रश्नानुसार लिगों का निर्धारण कर लेना चाहिए, जिस पात्र के लिंग

gkexams.com

का निर्धारण नहीं हो सका हो उसके रिश्ते के बारे में स्पष्ट घोषणा नहीं की जा सकती है। इस प्रकार के प्रश्नों के पात्रों के क्रमश: रिश्ते दिये होते है तथा उनमें से किन्ही दो के रिश्तो के बारे में पूछा जाता है जिसे हम निम्न विधियों की सहायता से आसानी से ज्ञात कर सकते है।

## प्रश्न को हल करने की विधियाँ

### विधि - I : मुख्य पात्र स्वयं को मानकर

इस प्रकार के प्रश्नों में रिश्ते के किसी भी एक पात्र को जो मुख्य पात्र हो स्वयं को मान लेना चाहिए जिस पर प्रश्न आधारित होता है और फिर बाकी पात्रों का रिश्ता अपने ऊपर लागू करके देख ले, इस प्रकार हल करने से प्रश्न आसानी एवं शीघ्रता से हल होता है।

### विधि - II : आरेख विधि द्वारा


इसमे पात्रों को तीर लगी रेखाओ से क्रमश: जोड़ते है तथा तीर के निशान पर उस पात्र का पूर्व के पात्र से रिश्ता लिखते है। आरेख पूरा बनाने के पश्चात् अभिष्ट पात्र का क्रमश: दूसरे पात्रों से रिश्ता ज्ञात कर उतर की प्राप्ति की जाती है।

**उदाहरण-अरुण रोहित का पिता है, रोहित माला का भाई है, माला दिलीप की पत्नी है, दिलीप का रोहित से क्या रिश्ता है**

(a) जीजा (b) पिता (c) पुत्र (d)चाचा

**हल : विधि- I** माना कि दिलिप आप स्वयं है, माला आपकी पत्नी हुई, माला का भाई रोहित आपका साला होगा अत: आप रोहित के जीजा लगेगें।

विधि - II :





आरेखानुसार स्पष्ट है कि दिलीप, रोहित से जीजा के रूप में सम्बन्धित है।

**उदाहरण-एक व्यक्ति ने एक महिला से कहा 'तुम्हारी माँ के पति की बहिन मेरी माँ है? व्यक्ति का महिला से क्या सम्बन्ध है ?**

(a) भाई (b) भतीजा (c) चचेरा (d) चाचा

**हल : विधि- I** माना महिला आप स्वंय है, आपकी मां का पति आपका पिता हुआ, जिनकी बहिन आपकी बूआ होगी। अत: आपकी बूआ उस व्यक्ति की मॉं है अर्थात् वह व्यक्ति आपकी बूआ का लड़का आपका फूफेरा भाई होगा।

विधि-II




इस प्रकार महिला व्यक्ति के मामा की लड़की है। परन्तु मै यह पुन: बताना चाहता हूँ कि पेपर सैट करने वाले व्यक्ति अंग्रेजी में सैट करते है फिर हिन्दी में और ट्रासलेशन भाव की बजाय शब्दों का करते हैं इसलिए यहाँ चचेरा शब्द लिखा मिलेगा क्योंकि Cousin का अर्थ लिया गया है भाव (ममेरा) नहीं लिया गया, अत: सन्देह होने पर प्रश्न या विकल्प को अंग्रेजी में भी पढ़े।

## प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न

**1. B का पुत्र A है लेकिन A का पिता B नहीं है। B, A का क्या है ?**

(a) दादा (b) ससुर (c) माता (d) पुत्र

**2. यदि P, Q का भाई है, R, P का पिता है, S, T का भाई तथा T, Q की पुत्री है, तो S का चाचा कौन है?**

(a) Q (b) R (c) P (d) T

**3. अरूण, आनन्द का भाई है, सुषमा, आनन्द की माँ है, प्रकाश, सुषमा का पिताजी है। मधु, प्रकाश की माँ है तो अरूण, मधु से किस प्रकार से सम्बन्धित है ?**

(a) पुत्र (b) पौत्र (c) पड़नवासा (d) none

**4. A, B का भाई हैं, C, A की मॉं है, D,C का पिता है, E, B का पुत्र है, तो यह बताइ, कि A से D का क्या संबंध हैं?**

(a) पुत्र (b) पौत्र (c) नाना (d) पितामह

**5. A, B का भाई है C, D का पिता है। E, B की माता है। A और D भाई है तो E,C से किस प्रकार सम्बंधित है ?**

(a) बहिन (b) साली (c) भतीजी (d) पत्नी

**6. B, D की माँ है और C, D का भाई। H, E की बेटी है, जबकि D,E की पत्नी। तब E का C से क्या सम्बन्ध है ?**

(a) ससुर (b) बहनोई (c) चाचा (d) भाई

**7. E, B की बहन है। A, C का पिता है। B, C का पुत्र हैं। तब A का E से क्या संबंध है ?**

(a) दादा (b) पौत्री (c) पिता (d) पड़दादा

**8. P, Q का भाई है। R, Q की माँ है। S, R का पिता है। T, S की माँ है। यह बताइ, कि P का T से क्या संबंध है ?**

(a) पोती (b) पड़पोत्र (c) पोता (d) दादी

**9. राजीव अतुल का भाई है, सोनिया सुनील की बहिन है। अतुल सोनिया का पुत्र है तो यह बताइए कि राजीव का सोनिया से क्या संबंध है?**

(a) भतीजा (b) पुत्र (c) भाई (d) पिता

**10. प्रीती का अरूण नामक पुत्र है, राम, प्रीती का भाई है। नीता की भी रीमा पुत्री है। नीता, राम की बहन है। अरूण का रीमा के साथ क्या संबंध है**

(a) भाई (b) भतीजा (c) चचेरा भाई (d) मामा

**11. A, B का पति है। C, B की पुत्री है। D, B की बहिन है। E, D का पुत्र है तो C, E से किस प्रकार सम्बन्धित है ?**

(a) चाची (b) भतीजी (c) चचेरी बहिन (d) साली

**12. A तथा B दोनों C के बच्चे है यदि C, A का पिता है परन्तु B, C का बेटा नहीं है तो B का C से क्या सम्बन्ध है ?**

(a) बहिन (b) भाई (c) बेटा (d) बेटी

**13. B, A के पिता है तथा B, C के पति का बेटा है तो C, A की क्या लगती है**

(a) दादी (b) मां (c) चाची (d) नानी

**14. यदि ख, क का भाई है। क, ग का पति है। घ, ग का बेटा है। च, घ का भाई है तो ख, च का क्या लगता है ?**

gkexams.com

(a) चाचा (b) चचेरे भाई (c) पुत्री (d) पुत्र

**15. N, M की माँ है, M, O की बहन है तथा P, M का पति है, तो P, N का क्या लगता है ?**

(a) बेटा (b) दामाद (c) पुत्र-वधू (d) लड़की

**16. A,B का बेटा है। B, C की बेटी है। C, D का पति है। D, E की मां है। E, A का क्या लगता है?**

(a) मामा या मौसी (b) नानी (c) चाचा या बूआ (d) बहन

**17. R, B का भाई है R, I का पति है I, D की मां है D, Y का भाई है B, Y का क्या लगता है ?**

(a) पिता (b) चाचा (c) भाई (d) मामा

**18. Y एक पुरूष है तथा X,Y का भाई है। M,X की बहन है। N, R का भाई है और R,Y की पुत्री है तब बतायें कि N का X क्या लगता है।**

(a) चाचा (b) पिता (c) दादा (d) मौसी

**19. A व B भाई-भाई है, तथा C व D परस्पर बहनें हैं। यदि A का लड़का D का भाई है तो B और C में क्या सम्बन्ध है?**

(a) पिता (b) भाई (c) दादा (d) चाचा

**20. एक न्यायधीश का पुत्र वकील है एवं वकील का पिता डॉक्टर है। न्यायधीश का वकील से क्या संबंध है ?**

(a) बहन (b) चाचा (c) माता (d) none

**21. यदि A,C का पुत्र है, C तथा Q आपस में बहनें है, Z, Q की मां है, P, Z का पुत्र है तो निम्न कथनों में कौन सही है ?**

(a) Q, A की दादी है (b) P, A का मामा है

(c) C और P बहिने है (d) P व A भाई है

**22. A, B का भाई है। C, D की पत्नी है जो A का पिता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन निश्चित रूप से सही नहीं हो सकता ?**

(a) D, B का पिता है (b) B, C का पुत्र है

(c) C, B की माँ है (d) D, C का पति है

**23. सुरेश एक आदमी का परिचय इस रूप में देता है, 'वह उस स्त्री का पुत्र है जो मेरी माता के पति की माता है।' सुरेश का उस आदमी से क्या सम्बन्ध है ?**

(a) चाचा (b) पुत्र (c) चचेरा भाई (d) पौत्र

**24. एक औरत की ओर इशारा करते हुए एक लड़की ने कहा, 'वह मेरे पिता के अकेले पुत्र की दादी की पुत्र-वधु है।' औरत लड़की से किस प्रकार संबंधित है ?**

(a) भाभी (b) माँ (c) सासु माँ (d) चाची

**25. एक फोटोग्राफ की ओर इशारा करते हुए एक औरत कहती है, 'इस आदमी के बेटे की बहिन मेरी सास हैं ' औरत के पति का फोटोग्राफ में दिये हुए आदमी से क्या सम्बन्ध है ?**

(a) पुत्र (b) भतीजा (c) पौत्र (d) दामाद

**26. मोहन सुमन का भाई है। चन्दर सुमन का पिता है। सुशील चंदर का पिता है। प्रवीण, सुशील का पिता है। प्रवीण का मोहन से क्या सम्बन्ध है ?**

(a) पोता (b) पड़पोता (c) पुत्र (d) पड़दादा

**27. A, B का पिता है। C, B की माँ है। B और D भाई बहन हैं। बताइये D और A में क्या रिश्ता है।**

(a) पिता-पुत्र (b) पिता-पुत्री

(c) मामा-भाँजी (d) बता नहीं सकते

**28. विनित एक औरत की ओर इशारा करता हुए कहता है कि ये मेरे दादा के इकलौते पुत्र की पुत्री है तो विनित उस औरत का क्या लगता है।**

(a) भाई (b) चाचा (c) भतीजा (d) चचेरा भाई

**29. एक पुरुष का परिचय करवाते हुए एक महिला कहती है 'इनकी पत्नी मेरे पिता की इकलौती पुत्री है' तो वह व्यक्ति उस महिला का क्या लगता है**

(a) भाई (b) भतीजा (c) पति (d) भाँजा

**30. दीपक ने नितिन को कहा 'वह लड़का जो फुटबाल खेल रहा है' मेरे पिता की पत्नी की पुत्री का छोटा बेटा है' तो वह लड़का दीपक का क्या लगता है।**

(a) भाई (b) भानजा (c) भतीजा (d) बेटा

**31. एक बूढ़े व्यक्ति का बेटा मेरे बेटे का चाचा है तो बूढ़ा व्यक्ति मेरा क्या लगता है ?**

(a) भाई (b) चाचा (c) पिता (d) दादा

**32. एक स्त्री तथा एक पुरूष एक बस में यात्रा कर रहे थे। एक यात्री ने उनका रिश्ता पूछा तो स्त्री ने बताया कि इनकी (पुरूष) सास तथा मेरी सास आपस में मां और बेटी है, तो उनका रिश्ता क्या बना**

(a) पति-पत्नी (b) पुत्रवधु व ससुर

(c) भाई-बहन (d) पिता व पुत्री

**33. किसी पुरुष की मूर्ति देखकर संजय ने कहा - इसकी माँ, मेरे पिता के पुत्र की पत्नी है, मेरे कोई भाई-बहिन नहीं है'' संजय किसकी मूर्ति देख रहा था ?**

(a) अपने पुत्र की (b) अपने भतीजे की

(c) अपने चचेरे भाई की (d) अपने चाचा की

**34. एक चित्र की ओर इशारा करते हुए पिंकी बोली 'वह मेरे भाई के दादा की इकलौती पुत्री की इकलौती भाभी की इकलौती लड़की है' उस चित्र का पिंकी से क्या सम्बन्ध है।**

**(a) बहन (b) माँ (c) भतीजी (d) स्वयं**

**निर्देश :- (प्रश्न 35 - 36) निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और फिर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. A और B भाई हैं। 2. C, A की बहिन है।

3. D, E का भाई है। 4. E, B की पुत्री है।

**35. D का चाचा कौन होगा ?**

(a) C (b) A (c) E (d) B

**36. D की बुआ कौन है ?**

(a) A (b) C (c) B (d) E

**निर्देश :- निम्नलिखित वक्तव्यों को ध्यान से पढ़िये और अगले प्रश्नों 35 और 36 के उत्तर दीजिए।**

C के पिता A हैं, किन्तु C उनका पुत्र नहीं है।

C की पुत्री E है, A की पत्नी F है।

C का भाई B है, B का पुत्र D है।

gkexams.com

G का पति B है, G का पिता H है।

**37. A की दोहती कौन है**

(a) D (b) B (c) H (d) E

**38. H का दामाद कौन है**

(a) C (b) B (c) A (d) D

**निर्देश-(39-42) के प्रश्नों के लिए निम्न सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ें व निम्न प्रश्नों के उत्तर दो -**

पांच व्यक्ति P, Q, X, Y तथा Z एक उद्यान में बैठे हैं। P, X की मां है जो Z की पत्नि है Y, P का भाई है तथा Q, P का पति है।

**39. P के साथ Z का क्या सम्बन्ध है**

(a) माँ (b) चाची (c) बहन (d) सास

**40. Y के साथ Q का क्या सम्बन्ध है।**

(a) भाई (b) साला (c) बहनोई (d) पिता

**41. X के साथ Q का क्या सम्बन्ध है**

(a) पुत्री (b) पुत्रवधु (c) भतीजी (d) चाची

**42. Q के साथ Z का क्या सम्बन्ध है**

(a) ससुर (b) साला (c) बहनोई (d) पिता

**निर्देश- (प्रश्न 43-46) निम्न सूचना को ध्यान से पढ़े तथा नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें।**

A, B, C, D, E और F एक परिवार में छः सदस्य है जिनमें A, B का पति है A के भाई C का इकलौता पुत्र D है। E, D की बहिन है तथा विधवा F की पुत्रवधु B है।

**43. F, A से किस प्रकार सम्बन्धित है -**

(a) माँ (b) भाभी (c) बहन (d) सास

**44. E, C से कैसे सम्बन्धित है -**

(a) बहन (b) पुत्री (c) भतीजी (d) माँ

**45. C, B का क्या लगता है**

(a) भाई (b) देवर (c) दामाद (d) भतीजा

**46. F, C से किस प्रकार सम्बन्धित है**

(a) सास (b) चाची (c) बहन (d) माँ

**47. किसी युवती की ओर ईशारा करते हुए, एक पुरूष ने कहा 'इनके इकलौते भाई का पुत्र मेरी पत्नि का भाई है' वह युवती उस पुरूष से कैसे संबंधित है ?**

(a) मौसी (b) दादी (c) सास (d) ससुर की बहन

**48. एक लड़की की ओर ईशारा करते हुए, अभिषेक ने कहा कि 'यह लड़की मेरे पिता की इकलौती संतान की पुत्री है' तो अभिषेक की पत्नि का उस लड़की से क्या संबंध है ?**

(a) पुत्री (b) माता (c) चाची (d) बहन

**49. एक लड़के के चित्र की ओर ईशारा करते हुए सुरेश ने कहा 'वह मेरी माता के इकलौते पुत्र का पुत्र है' सुरेश का उस लड़के से क्या संबंध है**

(a) भाई (b) चाचा (c) चचेरा भाई (d) पिता

**50. एक लड़की ने एक लड़के का परिचय कराते हुए कहा कि 'यह मेरे चाचा के पिताजी की पुत्री का बेटा है' लड़के का लड़की से क्या संबंध है**

(a) भाई (b) भतीजा (c) चाचा (d) दामाद

**51. एक व्यक्ति की ओर संकेत करते हुए, एक आदमी ने एक महिला से कहा 'उसकी माँ तुम्हारे पिता की इकलौती बेटी है'। बताए कि उस महिला का उस व्यक्ति से क्या संबंध है ?**

(a) बेटी (b) बहन (c) माता (d) none

**52. राहुल मेरे पिता की पोती का पति है, तो मैं राहुल का-**

(a) ससुर हूँ (b) सास हूँ (c) A या B (d) none


**53. सुधा की सास का एकमात्र पुत्र रमेश है, रमेश सुधा का-**

(a) पति है (b) पुत्र है (c) ससुर है (d) पिता है

## व्याख्या सहित उत्तर


1.(c) प्रश्नानुसार B का पुत्र A है किन्तु A का पिता B नहीं है, तो निश्चित रुप से B, A की माता होगी।

2.(c)





S का चाचा P है।

3. (c)





आरेखानुसार अरुण मधु का पड़नवासा होगा

4.(c)





तब D, A का नाना है।

5. (d)





A, B और D भाई-बहिन है और E उनकी माता और C उनका पिता है। अतः E, C की पत्नी है।

6. (b)





gkexams.com


7. (a)





8. (b)





9. (b)




10. (c)




11. (c)




12.(d) एक ही पिता के बच्चे है, यदि बेटा नहीं तो बेटी है।

13.(a) माना मैं B हूं तथा मैं A का पिता हूं। मैं C के पति का बेटा हूं अर्थात C मेरी मां है। वह मेरे बेटे की दादी हुई।

14.(a) माना मैं 'ख' हूं तो क मेरा भाई है तथा 'घ' मेरे भाई व भाभी का बेटा है। 'च' भी 'घ' का भाई है अर्थात मेरा भतिजा है। अत: मैं 'च' का भी चाचा हूं।

15.(b) माना मैं P हूं मेरी पत्नी M जिसकी मां N है, तो मैं N का दामाद हुआ।

16.(a) माना मैं A हूं, मेरी मां B मेरे नाना C की बेटी है तथा D मेरी नानी है जो E की मां भी है। अत: E मेरा मामा या मौसी में से कोई भी हो सकता है।

17.(b) माना मैं E हूं तथा B का भाई हूँ अत: B मेरा भाई या बहिन होगी। मैं A का पति तथा D और Y का पिता हूँ। इस प्रकार B, Y का चाचा या बूआ हो सकते है। परन्तु बूआ विकल्पों मे नही है अत: चाचा उत्तर हुआ।

18.(a) माना मैं Y हूं तथा X मेरा भाई व M मेरी बहिन है तथा E मेरी पुत्री है तथा N मेरा पुत्र है। अत: मेरा भाई मेरे बेटे N का चाचा है।


19.(d) माना मै हूं A, B मेरा भाई है, D व C मेरी पुत्रियां है तो B, मेरी पुत्री C का चाचा लगेगा।

20.(c) वकील के पिता डॉक्टर है और वकील न्यायधीश का भी पुत्र है, तो निश्चित रुप से न्यायधीश वकील की माँ होगी।

21.(b) माना कि A मैं हूं तो C मेरी मां है तथा Q मौसी है। इसी प्रकार Z मेरी नानी है। P मेरी नानी का बेटा अर्थात् मेरा मामा हुआ।

22.(b) यहां A, B का भाई है (दिया है ) अत: A पुल्लिंग है परन्तु B का लिंग भेद नहीं किया गया। अत: यह बताना कठिन है कि B, C की पुत्रि है या पुत्र।


23. (b)





सुरेश की माँ का पति उसका पिता हुआ और पिता की माँ उसकी दादी हुई जो उस व्यक्ति की माँ है अत: वह आदमी सुरेश का चाचा/पिता हो सकता है। विकल्प में भतीजा नहीं है अत: वह उसका पुत्र होगा।

24. प्रश्नानुसार लड़की के पिता का इकलौता पुत्र लड़की का भाई होगा और भाई की दादी की पुत्रवधु लड़की की माँ होगी

25.(c)




26.(d)




प्रवीण, मोहन का पड़दादा हुआ।

27.(d) आंकड़े अधुरे हैं क्योकि यहां D का लिंग नहीं दर्शाया गया।

28.(a) विनित के दादा का इकलौता पुत्र विनीत का पिता हुआ, जिनकी पुत्री विनीत की बहन हुई। अत: विनीत उस औरत का भाई है।

29.(c) महिला के पिता की इकलौती पुत्री स्वयं महिला हुई तथा वह उस व्यक्ति की पत्नी हुई। अत: वह व्यक्ति उस महिला का पति हुआ।

30.(b) दीपक के पिता की पत्नी उनकी माँ हुई, जिसकी पुत्री दीपक की बहिन हुई तथा बहिन का छोटा बेटा दीपक का भानजा होगा।

gkexams.com


31.(c) बूढ़े व्यक्ति का बेटा मेरे बेटे का चाचा हैं जो मेरा भाई हुआ अर्थात बूढ़ा व्यक्ति मेरा पिता है।

32.(b) माना कि पुरूष आप स्वयं है तथा उस स्त्री की सास आपकी सास की बेटी है अर्थात उस स्त्री की सास आपकी पत्नी हुई। अत: वह स्त्री आपके पुत्र की पत्नी है।


33(a) क्योंकि देखने वाले के कोई भाई–बहन नहीं है। अत: उसके पिता के वही अकेला पुत्र है और मूर्ति की मां उसकी पत्नी हुई। अत: वह अपने पुत्र की मूर्ति देख रहा है।

34.(d) पिंकी के दादा की इकलौती पुत्री उसकी बूआ हुई। बूआ की इकलौती भाभी पिंकी की मां हुई तथा मां की इकलौती पुत्री स्वयं पिंकी हुई।

**प्रश्न (35 – 36) के उत्तर निम्न चित्रनुसार है –**




**निर्देश – प्रश्न 39 -42 तक के लिए**




37.(d) A की पुत्री C है और C की पुत्री E है, तो A की दोहिती E है।

38.(B) H की पुत्री G है और G का पति B है, तो H का दामाद B है।


39.(d) P, X की माँ है तथा X, Z की पत्नी है। अत: Z की पत्नी की मां P, Z की सास हुई।

40.(b) Q, P का पति है तथा Y, P का भाई है। अत: Q की पत्नी का भाई Y है, जो Q का साला है।

41.(a) P, X की माँ है तथा Q, P का पति है। अत: X की माँ का पति Q उसका पिता हुआ। इस प्रकार X, Q की पुत्री है।

42.(a) चित्र से स्पष्ट है कि Z, Q की पत्नी की पुत्री अर्थात स्वयं की पुत्री का पति है। अत: Z, Q का दामाद हुआ।
इस प्रकार Q, Z का ससुर है।

**निर्देश – प्रश्न (43-46) के प्रश्नों के लिए चित्र**




43.(a) A, B का पति है तथा B विधवा F की पुत्रवधु है अत: F, A की माँ हुई।

44.(b) चित्र से स्पष्ट है कि E के भाई D के पिता C हैं। अत: E, C की पुत्री है।

45.(b) चित्र से स्पष्ट है कि C, B के पति A का भाई है अत: C, B का देवर हुआ।

46.(d) चित्र से स्पष्ट है कि F, C के भाई A की पत्नी B की सास है अत: F, C की मां है।

47.(d) युवक की पत्नि का भाई युवक का साला होगा जो उस स्त्री के भाई अर्थात् पुरुष के ससुर की बहन होगी।

48.(a) अभिषेक के कथनानुसार वह लड़की उसके पिता की इकलौती संतान अर्थात् स्वंय की पुत्री होगी।

49.(d) सुरेश के कथनानुसार उसकी माता का इकलौता पुत्र वह स्वंय होगा और वह लड़का उसका पुत्र होगा तो सुरेश उसका पिता होगा।

50.(a) लड़की के चाचाजी का पिता लड़की का दादा हुआ और दादा की पुत्री उस लड़की की बुआ हुई। बुआ का पुत्र उसका भाई होगा।

51.(c) महिला के पिता की इकलौती बेटी महिला स्वंय होगी जो प्रश्नानुसार उस व्यक्ति की माँ है, तो वह महिला उस व्यक्ति की माँ है।

52.(a) मेरे पिता की पोती मेरी पुत्री होगी जिसका पति मेरा दामाद होगा और मैं उसका ससुर।

53.(a) सुधा की सास का एकमात्र पुत्र सुधा का पति होगा।

gkexams.com